अपर सचिव
–सह–
अपीलीय प्राधिकार
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।
अपील संख्या 30/2020
मो0 फैजान
बनाम
बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड व अन्य।

उपस्थितिः–

श्री शहजाद हसन खान .... अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता।
श्री मुकेश कुमार सिंह .... प्रतिवादी सं0–5 के विद्वान अधिवक्ता।
श्री असलम अंसारी .... बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के विद्वान अधिवक्ता।

आदेश

मो0 फैजान, पिता–मो0 अब्दुल हसन, सचिव, प्रबंध समिति, मदरसा तालिमुल इस्लाम, बखरिया, पो0–खोकसा, थाना–बायसी, जिला–पूर्णियाँ ने बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के आदेश ज्ञापांक 6121–24 दिनांक 02.07.2019, जिसके द्वारा संबंधित मदरसा (मदरसा सं0–294) में प्रतिवादी सं0–5 की प्रबंध समिति को अवैध तरीके से अनुमोदन दिया गया एवं ज्ञापांक 967, दिनांक 28.02.2020, जिसके द्वारा संबंधित मदरसा के प्रधान मौलवी को इंटर प्रशिक्षित एवं हाफिज पदों पर नियुक्त किए गए अभ्यर्थियों को बोर्ड के समक्ष लाने का आदेश दिया गया था, के विरूद्ध यह अपील दायर की है।

मदरसा शिक्षा बोर्ड के विद्वान अधिवक्ता ने दिनांक 18.03.2026 को बहस के दौरान अपीलीय प्राधिकार को बताया कि अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के अधिवक्ता पैनल की सूची में अधिसूचित हैं एवं अपीलार्थी को दिनांक 02.09.2025 एवं दिनांक 22.01.2026 को अपीलीय प्राधिकार के पत्र के माध्यम से स्वयं/नए अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई में उपस्थित होने की सूचना दी गई थी, परंतु इसके बावजूद भी वादी के तरफ से न तो वह स्वयं एवं न ही कोई अधिवक्ता उपस्थित हुए। इससे प्रतीत होता है कि इस अपील के संचालन/सुनवाई में वादी की कोई अभिरूचि नहीं है। वे कभी भी सुनवाई में भाग नहीं लेते हैं, इसलिए अपीलार्थी के Default के मद्देनजर इस अपील को Dismiss किया जाय।

निष्कर्षः– बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के विद्वान अधिवक्ता की दलील को सुनने के बाद अपील की संचिका का अवलोकन किया। अपील की संचिका के अवलोकन से यह प्रतीत होता है कि अपीलार्थी इस अपील की सुनवाई में दिनांक 24.08.2022 से लगातार अनुपस्थित रहे हैं, सम्प्रति इस अपील के संचालन में अपीलार्थी की कोई अभिरूचि नहीं है।

अपीलार्थी की सुनवाई में लगातार अनुपस्थिति के कारण इस अपील को खारिज (Dismiss for Default) किया जाता है एवं इस अपील की सुनवाई बंद की जाती है।

ह0/–
(विजय कुमार)
अपर सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।
दिनांक 25/03/2026

ज्ञापांक 11

प्रतिलिपिः– अध्यक्ष/सचिव, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, बिहार, 05, विद्यापति मार्ग, पटना/मो0 फैजान, पिता–मो0 अब्दुल हसन, सचिव, प्रबंध समिति, मदरसा तालिमुल इस्लाम, बखरिया, पो0–खोकसा, थाना–बायसी, जिला–पूर्णियाँ/मो0 कुनैन, सचिव, तथाकथित प्रबंध समिति, मदरसा तालिमुल इस्लाम, बखरिया, पो0–खोकसा, थाना–बायसी, कनहरिया, जिला–पूर्णियाँ (मदरसा–294)/जिला शिक्षा पदाधिकारी, पूर्णियाँ/आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को विभागीय साईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Vijay 25/3/26
(विजय कुमार)
अपर सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।